Series BBCA2/2

Set – 3

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/2/3**

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **32** (**मानचित्र** सहित) हैं ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
- *Please check that this question paper contains **32** printed pages (Including **Map**).*
- *Please check that this question paper contains **37** questions.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***



ZOLLEGE

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में 37 प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **छः** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ, ङ** एवं **च** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या 1 से 20 बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या 21 से 24 अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या 25 से 29 लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या 30 से 33 दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या 34 से 36 केस-आधारित/स्रोत-आधारित प्रश्न हैं जिनमें 3 उप-प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का है ।*

*(viii)* ***खण्ड च** – प्रश्न संख्या 37 मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न है जिसमें **दो** भाग हैं – 37 **(a)** इतिहास (2 अंक) और 37 **(b)** भूगोल (3 अंक) । इस प्रश्न के कुल 5 अंक हैं ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*



Z0LLEGE

**General Instructions :**

***Read the following instructions carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains* ***37*** *questions.* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* *Question paper is divided into* **SIX** *sections –* ***Section A, B, C, D, E*** *and* ***F.***

*(iii)* ***Section A*** *– Question number* ***1*** *to* ***20*** *are Multiple Choice type questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(iv)* ***Section B*** *– Question number* ***21*** *to* ***24*** *are Very Short Answer type questions. Each question carries* ***2*** *marks. Answer to these questions should not exceed* ***40*** *words.*

*(v)* ***Section C*** *– Question number* ***25*** *to* ***29*** *are Short Answer type questions. Each question carries* ***3*** *marks. Answer to these questions should not exceed* ***60*** *words.*

*(vi)* ***Section D*** *– Question number* ***30*** *to* ***33*** *are Long Answer type questions. Each question carries* ***5*** *marks. Answer to these questions should not exceed* ***120*** *words.*

*(vii)* ***Section E*** *– Question number* ***34*** *to* ***36*** *are Case-based/Source-based questions with* ***three*** *sub-questions. Each question carries* ***4*** *marks.*

*(viii)* ***Section F*** *– Question number* ***37*** *is Map Skill based question with* ***two*** *parts –* ***37(a)*** *from History (****2*** *marks) and* ***37(b)*** *Geography (****3*** *marks). This question carries total* ***5*** *marks.*

*(ix)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*



ZOLLEGE

## खण्ड – क

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)** **(20 × 1 = 20)**

1. निम्नलिखित में से 'शरीर द्रव्यमान सूचकांक' (BMI) के मूल्यांकन से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए। **1**

(A) रक्त चाप का आंकलन

(B) रक्त शर्करा स्तर का आंकलन

(C) शरीर की संरचना का आंकलन

(D) अल्प पोषण का आंकलन

2. वैश्वीकरण के निम्नलिखित पहलुओं को उनके विवरण के साथ मिलाइये और सही विकल्प का चयन कीजिए। **1**

| | **सूची-I (वैश्विक पहलू)** | | **सूची-II (विवरण)** |
|---|---|---|---|
| I. | प्रौद्योगिक उन्नति | a. | विचारों, मूल्यों और परंपराओं का आदान–प्रदान |
| II. | व्यापारिक उदारीकरण | b. | कई देशों में कार्यरत कंपनियाँ |
| III. | सांस्कृतिक आदान–प्रदान | c. | उत्पादन, सूचना एवं संचार में नवाचार |
| IV. | बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ | d. | व्यापार पर प्रतिबंध हटाना |

**विकल्प :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | b | c | d |
| (B) | c | d | a | b |
| (C) | d | c | b | a |
| (D) | b | a | d | c |



ZOLLEGE

## SECTION – A

**(Multiple Choice Questions)** **($20 \times 1 = 20$)**

1. Choose the correct option regarding 'Body Mass Index' (BMI) from the following. **1**

   (A) Assessment of Blood Pressure

   (B) Assessment of Blood Sugar Level

   (C) Assessment of Body Composition

   (D) Assessment of under Nutrition

2. . Match the following aspects of globalization with their descriptions and choose the correct option. **1**

| | **List-I (Global Aspect)** | | **List-II (Description)** |
|---|---|---|---|
| I. | Technological Advancement | a. | Interaction of ideas, values and traditions |
| II. | Liberalization of Trade | b. | Companies operating in many countries |
| III. | Cultural Exchange | c. | Innovation in manufacturing, communication and information |
| IV. | Multinational Corporations | d. | The removal of restriction on trade |

**Options :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | b | c | d |
| (B) | c | d | a | b |
| (C) | d | c | b | a |
| (D) | b | a | d | c |



ZOLLEGE

3. निम्नलिखित में से कौन-सा बैंक द्वारा दी जाने वाली ऋण गतिविधियों का प्राथमिक उद्देश्य है ? **1**

(A) अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ प्रतिस्पर्धा करना

(B) केवल प्राथमिक क्षेत्रक को लाभ पहुँचाना

(C) बहुराष्ट्रीय कंपनियों की आय बढ़ाना

(D) आर्थिक विकास का समर्थन करना

4. दिए गए चित्र को देखिए । चित्र में होने वाला कार्य निम्नलिखित में से किस क्षेत्रक के अंतर्गत आता है ? **1**



(A) संगठित क्षेत्रक (B) प्राथमिक क्षेत्रक

(C) असंगठित क्षेत्रक (D) सार्वजनिक क्षेत्रक

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 4 के स्थान पर है ।**

निम्नलिखित में से कौन-सा उद्यम संगठित क्षेत्र से संबंधित है ? **1**

(A) स्वतंत्र फ्रीलांसर (B) बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ

(C) फुटपाथ विक्रेता (D) कुटीर उद्योग

5. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही सुमेलित है ? **1**

| | (अर्थव्यवस्था का क्षेत्रक) | | (उदाहरण) |
|---|---|---|---|
| (A) | प्राथमिक क्षेत्रक | – | दर्जी |
| (B) | द्वितीयक क्षेत्रक | – | मछुआरा |
| (C) | तृतीयक क्षेत्रक | – | अंतरिक्ष यात्री |
| (D) | प्राथमिक क्षेत्रक | – | कूरियर |



ZOLLEGE

3. Which of the following is the primary purpose of loan activities offered by banks ? **1**

(A) To compete with other financial institutions

(B) To generate profits for the primary sector only

(C) To increase income of MNCs

(D) To support economic growth

4. Look at the given image. The work done in the image comes under which one of the following sectors ? **1**



(A) Organized sector (B) Primary sector

(C) Unorganized sector (D) Public sector

**Note : The following question is for the Visually Impaired Candidates in lieu of question no. 4.**

Which one of the following enterprises belongs to the organized sector ? **1**

(A) Independent Freelancers (B) Multinational Corporations

(C) Street Vendors (D) Cottage Industries

5. Which one of the following pairs is correctly matched ? **1**

| | **(Sector of the Economy)** | | **(Example)** |
|---|---|---|---|
| (A) | Primary Sector | – | Tailor |
| (B) | Secondary Sector | – | Fisherman |
| (C) | Tertiary Sector | – | Astronaut |
| (D) | Primary Sector | – | Courier |



ZOLLEGE

6. मान लीजिए कि एक मोहल्ले में चार परिवार हैं । इन चार परिवारों की एक सप्ताह की आय क्रमश: ₹ 2,000, ₹ 5,000, ₹ 3,000 और ₹ 6,000 है तो मोहल्ले की साप्ताहिक औसत आय होगी – 1

(A) ₹ 4,000

(B) ₹ 5,000

(C) ₹ 2,000

(D) ₹ 1,000

7. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए । 1

साक्षरता दर ______ वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में साक्षर जनसंख्या का अनुपात है ।

(A) 10 (B) 7

(C) 5 (D) 8

8. निम्नलिखित भाषाओं में से कौन–सी भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित है ? 1

(A) हरियाणवी (B) राजस्थानी

(C) गढ़वाली (D) उड़िया

9. निम्नलिखित में से कौन–सा लोकतंत्र का मूलभूत सिद्धांत है ? 1

(A) एक व्यक्ति का शासन

(B) वंशानुगत मानदंडों का शासन

(C) स्वतंत्रता के साथ लोगों का शासन

(D) सैन्य प्रमुखों का शासन



ZOLLEGE

6. Assume there are four families in a locality. If the incomes of these four families in a week are ₹ 2,000, ₹ 5,000, ₹ 3,000 and ₹ 6,000, then the weekly average income of the locality will be – **1**

(A) ₹ 4,000

(B) ₹ 5,000

(C) ₹ 2,000

(D) ₹ 1,000

7. Choose the correct option to fill the blank.

Literacy Rate measures the proportion of literate population in the _____ years and above age group. **1**

(A) 10 (B) 7

(C) 5 (D) 8

8. Which one of the following languages is included in Eighth Schedule in Indian Constitution ? **1**

(A) Hariyanavi (B) Rajasthani

(C) Garhwali (D) Odia

9. Which one of the following is a fundamental principle of democracy ? **1**

(A) Rule of single individual

(B) Rule with hereditary norms

(C) Rule of people with freedom

(D) Rule of military chiefs



ZOLLEGE

10. निम्नलिखित में से किस देश में 'एक-दलीय व्यवस्था' है ? **1**

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका

(B) युनाईटेड किंग्डम

(C) भारत

(D) चीन

11. बेल्जियम की सत्ता की साझेदारी के संबंध में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। **1**

I. ब्रूसेल्स में समान प्रतिनिधित्व वाली अलग सरकार है।

II. केन्द्रीय सरकार में डच और फ्रेंच-भाषी मंत्रियों की समान संख्या है।

III. सामुदायिक सरकार का चुनाव एक ही भाषा बोलने वाले लोग करते हैं।

IV. बहुसंख्या-परस्ती के तहत बेल्जियम में कई कदम उठाए गए।

**विकल्प :**

(A) I, II और IV

(B) I, III और IV

(C) II, III और IV

(D) I, II और III

12. निम्नलिखित जोड़ों में से कौन-सा सुमेलित है ? **1**

| | **(भारतीय संविधान में विषयों की सूची)** | | **(विषय)** |
|---|---|---|---|
| (A) | संघ सूची का विषय | – | संचार |
| (B) | राज्य सूची का विषय | – | शिक्षा |
| (C) | समवर्ती सूची का विषय | – | गोद लेना |
| (D) | बाकी बचे विषय | – | विवाह |



ZOLLEGE

10. Which one of the following countries has 'one-party system' ? **1**

(A) United States of America

(B) United Kingdom

(C) India

(D) China

11. Read the following statements about power sharing arrangement in Belgium and choose the correct option. **1**

I. Brussels has a separate govt. with equal representation.

II. Dutch & French speaking ministers are equal in Central Govt.

III. Community Govt. is elected by People belonging to one language.

IV. Series of majoritarian measures adopted in Belgium.

**Options :**

(A) I, II and IV

(B) I, III and IV

(C) II, III and IV

(D) I, II and III

12. Which one of the following pairs is correctly matched ? **1**

| | **(Subject List in the Indian Constitution)** | | **(Subject)** |
|---|---|---|---|
| (A) | Union List Subjects | – | Communication |
| (B) | State List Subjects | – | Education |
| (C) | Concurrent List Subjects | – | Adoption |
| (D) | Residuary Subjects | – | Marriages |



ZOLLEGE

13. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से भारतीय संविधान में उल्लिखित सही शब्द का चयन कीजिए। **1**

- भारतीय राज्य ने किसी भी धर्म को राजकीय धर्म के रूप में अंगीकार नहीं किया है।
- भारत में किसी भी धर्म का पालन करने और प्रचार करने की आजादी है।

**विकल्प :**

(A) गणराज्य

(B) प्रभुत्व–संपन्न

(C) समाजवादी

(D) पंथनिरपेक्ष

14. स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| | **स्तंभ-I (फसल)** | | **स्तंभ-II (प्रकार)** |
|---|---|---|---|
| I. | गेहूँ | a. | मोटा अनाज |
| II. | रागी | b. | पेय फसल |
| III. | चाय | c. | खाद्य फसल |
| IV. | मक्का | d. | खाद्यान्न और चारा फसल |

**विकल्प :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | d | a | c | b |
| (B) | c | d | b | a |
| (C) | c | a | b | d |
| (D) | d | b | a | c |



ZOLLEGE

13. Read the following statements and choose the correct term mentioned in the Indian Constitution from the given options. **1**

- There is no official religion for the Indian State.
- There is freedom to profess, practise and propagate any religion in India.

**Options :**

(A) Republic

(B) Sovereign

(C) Socialist

(D) Secular

14. Match Column-I with Column-II and choose the correct option : **1**

| | **Column-I (Crop)** | | **Column-II (Type)** |
|---|---|---|---|
| I. | Wheat | a. | Millet Crop |
| II. | Ragi | b. | Beverage Crop |
| III. | Tea | c. | Food Crop |
| IV. | Maize | d. | Food & Fodder Crop |

**Options :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | d | a | c | b |
| (B) | c | d | b | a |
| (C) | c | a | b | d |
| (D) | d | b | a | c |



ZOLLEGE

15. मृदा की निम्नलिखित विशेषताओं को पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से मृदा की पहचान कीजिए। **1**

- यह विस्तृत रूप में फैली हुई और महत्त्वपूर्ण मृदा है।
- उत्तरी मैदान इससे बना है।
- इसमें रेत, सिल्ट और मृत्तिका पाए जाते हैं।

**विकल्प :**

(A) पीली मृदा

(B) काली मृदा

(C) लेटराइट मृदा

(D) जलोढ़ मृदा

16. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए। **1**

| | |
|---|---|
| **अधात्विक खनिज :** | **अभ्रक** |
| **ऊर्जा खनिज :** | ............ |

(A) प्राकृतिक गैस

(B) बॉक्साइट

(C) मैंगनीज

(D) प्लैटिनम

17. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही सुमेलित है? **1**

| | सूची-I (लेखक) | सूची-II (पुस्तक) |
|---|---|---|
| (A) | ज्योतिबा फूले | आमार जीबन |
| (B) | सुदर्शन चक्र | सच्ची कविताएँ |
| (C) | राश सुन्दरी देबी | गुलामगिरी |
| (D) | काशी बाबा | छोटे और बड़े सवाल |



ZOLLEGE

15. Read the following characteristics of a soil and identify the soil from the given options. **1**

- It is widely spread and important soil.
- Northern plains are made of it.
- It consists of sand, silt and clay.

**Options :**

(A) Yellow soil
(B) Black soil
(C) Laterite soil
(D) Alluvial soil

16. Choose the correct option to fill the blank. **1**

| | |
|---|---|
| **Non Metallic Mineral :** | **Mica** |
| **Energy Mineral :** | ............ |

(A) Natural Gas
(B) Bauxite
(C) Manganese
(D) Platinum

17. Which one of the following pairs is correctly matched ? **1**

| | List-I (Author) | List-II (Book) |
|---|---|---|
| (A) | Jyotiba Phule | Amar Jiban |
| (B) | Sudarshan Chakra | Sachhi Kavitayen |
| (C) | Rash Sundari Debi | Gulamgiri |
| (D) | Kashi Baba | Chotte aur Bade Sawal |


ZOLLEGE

18. निम्नलिखित घटनाओं को कालानुक्रमिक रूप से व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

I. कुस्तुन्तुनिया की संधि

II. हैम्बर्ग का हंगरी को स्वायत्तता प्रदान करना

III. बाल्कन संघर्ष

IV. नेपोलियन की नागरिक संहिता

**विकल्प :**

(A) IV, II, I & III

(B) III, II, IV & I

(C) IV, I, II & III

(D) I, IV, III & II

19. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

**अभिकथन (A) :** इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच 'एक्ट ऑफ यूनियन (1707)' से 'यूनाइटेड किंग्डम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन' का गठन हुआ ।

**कारण (R) :** इंग्लैंड स्कॉटलैंड पर अपना प्रभुत्व जमाना चाहता था ।

**विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

20. जर्मन दार्शनिक 'योहॉन गॉटफ्रीड' निम्नलिखित में से किस विचारधारा से संबंधित था ? **1**

(A) समाजवादी

(B) उदारवादी

(C) रूमानी

(D) मार्क्सवादी



ZOLLEGE

18. Arrange the following events in chronological order and choose the correct option. **1**

I. Treaty of Constantinople

II. Hamburg granted autonomy to Hungary

III. Balkan Conflict

IV. Napoleonic Civil Code

**Options :**

(A) IV, II, I & III

(B) III, II, IV & I

(C) IV, I, II & III

(D) I, IV, III & II

19. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements and choose the correct option. **1**

**Assertion (A) :** 'The Act of Union 1707' between England and Scotland resulted in the formation of 'United Kingdom of Great Britain'.

**Reason (R) :** England wanted to impose its influence on Scotland.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explaination of (A).

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explaination of (A).

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

20. The German philosopher 'Johann Gottfried' belonged to which one of the following schools of thought ? **1**

(A) Socialist

(B) Liberalist

(C) Romanticist

(D) Marxist


ZOLLEGE

## खण्ड – ख (4 × 2 = 8)

**(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)**

21. फ्रांस की क्रांति के दूसरे यूरोपीय देशों पर पड़ने वाले प्रभावों को स्पष्ट कीजिए। **2**

22. विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच सत्ता क्यों साझा की जाती है ? स्पष्ट कीजिए। **2**

23. एक राष्ट्र किस प्रकार आर्थिक विकास और पर्यावरण पोषणीयता के बीच संतुलन प्राप्त कर सकता है ? कोई दो तर्क देकर स्पष्ट कीजिए। **2**

24. (a) प्रारंभिक निर्वाह और वाणिज्यिक कृषि में अंतर स्पष्ट कीजिए। **2**

**अथवा**

(b) रबी और खरीफ़ शस्य ऋतुओं में अंतर स्पष्ट कीजिए। **2**

## खण्ड – ग (5 × 3 = 15)

**(लघु-उत्तरीय प्रश्न)**

25. (a) आधुनिक काल से पहले के युग में 'सिल्क मार्ग' किस प्रकार व्यापारिक संपर्कों का एक जीवंत उदाहरण था ? स्पष्ट कीजिए। **3**

**अथवा**

(b) आधुनिक काल से पहले के युग में खाद्य पदार्थ किस प्रकार दूर देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ाते थे ? स्पष्ट कीजिए। **3**

26. औद्योगिक प्रदूषण से स्वच्छ जल कैसे बचाया जा सकता है ? कोई तीन तरीके सुझाइए। **3**


ZOLLEGE

## SECTION – B (4 × 2 = 8)

### (Very Short Answer Type Questions)

21. Explain the impact of French Revolution on other European countries. **2**

22. Why is power shared among different social groups ? Explain. **2**

23. How can a nation achieve a balance between economic growth and environment sustainability ? Explain by giving any two arguments. **2**

24. (a) Differentiate between Primitive Subsistence and Commercial Farming. **2**

**OR**

(b) Differentiate between Rabi and Kharif cropping seasons. **2**

## SECTION – C (5 × 3 = 15)

### (Short Answer Type Questions)

25. (a) How was the 'Silk Route' an example of vibrant pre-modern trade ? Explain. **3**

**OR**

(b) How did food promote long-distance cultural contacts in the pre-modern world ? Explain. **3**

26. How can fresh water be saved from the industrial pollution ? Suggest any three ways. **3**



ZOLLEGE

27. “देश की अर्थव्यवस्था में तृतीयक क्षेत्र की एक महत्त्वपूर्ण भूमिका है ।” दैनिक जीवन के उदाहरणों के साथ इस कथन की पुष्टि कीजिए । **3**

28. लोकतंत्र में राजनीतिक दलों द्वारा निभाई जाने वाली किन्हीं तीन जिम्मेदारियों की व्याख्या कीजिए । **3**

29. शहरी क्षेत्रों में रोज़गार की वृद्धि के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है ? स्पष्ट कीजिए । **3**

## खण्ड – घ (4 × 5 = 20)

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)**

30. (a) “सत्याग्रह का गांधीवादी विचार, सत्य की शक्ति और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष पर बल देता है ।” उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) उन्नीसवीं सदी के आखिर में भारत में विभिन्न समुदायों, क्षेत्रों या भाषाओं से संबद्ध अलग-अलग समूहों ने सामूहिक अपनेपन का भाव कैसे विकसित किया ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । **5**

31. (a) “भारत में सौर ऊर्जा का भविष्य उज्ज्वल है ।” उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) हमें खनिज संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता क्यों है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । **5**

32. (a) ‘लोगों की गरिमा और आजादी लोकतंत्र का आधार है ।’ इस कथन की व्याख्या कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) ‘लोकतंत्र का रिश्ता गहरे मूल्यों से है ।’ इस कथन की व्याख्या कीजिए । **5**


ZOLLEGE

27. "Tertiary sector has a pivotal role in the economy of the country." Support your answer with day-to-day examples. **3**

28. Explain any three responsibilities carried out by the political parties in a democracy. **3**

29. What efforts are being made by the government to increase employment in the urban areas ? Explain. **3**

## SECTION – D (4 × 5 = 20)

### (Long Answer Type Questions)

30. (a) "The Gandhian idea of Satyagraha, emphasized the power of truth and struggle against injustice." Explain the statement with examples. **5**

**OR**

(b) How did people belonging to different communities, regions and language groups develop a sense of collective belonging in the late – nineteenth century India ? Explain with examples. **5**

31. (a) "Solar energy has a bright future in India." Explain the statement with examples. **5**

**OR**

(b) Why do we need to conserve mineral resources ? Explain with examples. **5**

32. (a) 'Dignity and freedom of peoples are the basis of democracy.' Explain the statement. **5**

**OR**

(b) 'Democracy is related with deep values.' Explain the statement. **5**



ZOLLEGE

33. (a) “प्रौद्योगिकी में तीव्र उन्नति वह मुख्य कारक है जिसने वैश्वीकरण की प्रक्रिया को उत्प्रेरित किया।” इस कथन की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। **5**

**अथवा**

(b) “विदेशी व्यापार तथा विदेशी निवेश नीतियाँ, उदारीकरण और वैश्वीकरण के पहलू हैं।” इस कथन की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। **5**

## खण्ड – ङ **(3 × 4 = 12)**

**(केस–आधारित प्रश्न)**

34. निम्नलिखित स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4**

**बाघ परियोजना**

वन्यजीवन संरचना में बाघ (टाईगर) एक महत्त्वपूर्ण जंगली प्रजाति है। 1973 में अधिकारियों ने पाया कि देश में 20वीं शताब्दी के आरंभ में बाघों की संख्या अनुमानित संख्या 55,000 से घटकर मात्र 1,827 रह गई है। बाघों को मारकर उनका व्यापार के लिए अवैध शिकार करना, आवासीय स्थलों का सिकुड़ना, भोजन के लिए आवश्यक जंगली उपजातियों की संख्या कम होना और जनसंख्या में वृद्धि बाघों की घटती संख्या के मुख्य कारण हैं। बाघों की खाल का व्यापार, और उनकी हड्डियों का एशियाई देशों में परंपरागत औषधियों में प्रयोग के कारण यह जाति विलुप्त होने की कगार पर पहुँच गई है। चूँकि भारत और नेपाल दुनिया की दो–तिहाई बाघों को आवास उपलब्ध करवाते हैं, अत: ये देश ही शिकार, चोरी और गैर–कानूनी व्यापार करने वालों के मुख्य निशाने पर हैं।

‘प्रोजेक्ट टाईगर’ विश्व की बेहतरीन वन्य जीव परियोजनाओं में से एक है और इसकी शुरुआत 1973 में हुई। बाघ संरक्षण मात्र एक संकटग्रस्त प्रजाति को बचाने का प्रयास नहीं है, अपितु इसका उद्देश्य बहुत बड़े आकार के जैवजाति को भी बचाना है। उत्तराखण्ड में कॉरबेट राष्ट्रीय उद्यान, पश्चिम बंगाल में सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान, मध्य प्रदेश में बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, राजस्थान में सरिस्का वन्य जीव पशुविहार (sanctuary), असम में मानस बाघ रिज़र्व (reserve) और केरल में पेरियार बाघ रिज़र्व (reserve) भारत में बाघ संरक्षण परियोजनाओं के कुछ उदाहरण हैं।

(34.1) ‘बाघ परियोजना’ को बाघ संरक्षण के लिए एक महत्त्वपूर्ण कदम क्यों माना गया? **1**

(34.2) वैश्विक बाघ आबादी में भारत ने क्या भूमिका निभाई? **1**

(34.3) वन्य जीव प्रजाति के लिए किन्हीं दो प्रमुख खतरों का उल्लेख कीजिए। **2**



ZOLLEGE

33. (a) "Rapid improvement in technology has been one major factor that has stimulated the globalisation process." Explain the statement with examples. **5**

**OR**

(b) "Foreign trade and foreign investment policies are the aspects of liberalisation and globalisation." Explain the statement with examples. **5**

## SECTION – E (3 × 4 = 12)

## (Case Based Questions)

34. Read the following source and answer the questions that follow : **4**

**Project Tiger**

Tiger is one of the key wildlife species in the faunal web. In 1973, the authorities realized that the tiger population had dwindled to 1,827 from an estimated 55,000 at the turn of the $20^{th}$ century. The major threats to tiger population are numerous, such as poaching for trade, shrinking habitat, depletion of prey base species, growing human population, etc. The trade of tiger skins and the use of their bones in traditional medicines, especially in the Asian countries left the tiger population on the verge of extinction. Since India and Nepal provide habitat to about two-thirds of the surviving tiger population in the world, these two nations become prime targets for poaching and illegal trading.

"Project Tiger", one of the well publicised wildlife campaigns in the world, was launched in 1973. Tiger conservation has been viewed not only as an effort to save an endangered species but with equal importance as a means of preserving biotypes of sizeable magnitude. Corbett National Park in Uttarakhand, Sunderbans National Park in West Bengal, Bandhavgarh National Park in Madhya Pradesh, Sariska Wildlife Sanctuary in Rajasthan, Manas Tiger Reserve in Assam and Periyar Tiger Reserve in Kerala are some examples of the tiger reserves in India.

(34.1) Why was 'Project Tiger' considered a significant step for Tiger Conservation ? **1**

(34.2) What role did India play in the global tiger population ? **1**

(34.3) Mention any two major threats to the wildlife species. **2**



ZOLLEGE

35. निम्नलिखित स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4**

## भारत की भाषायी विविधता

भारत में कितनी भाषाएँ हैं ? इसका जवाब इस बात पर निर्भर करता है कि आप भाषाओं की गिनती किस तरह करते हैं । इस बारे में अधिकृत नवीनतम सूचना 2011 की जनगणना के आँकड़ों से हासिल होती है । इस जनगणना में लोगों ने 1300 से ज़्यादा अलग–अलग भाषाओं को अपनी मातृभाषा के रूप में दर्ज़ कराया था । इन भाषाओं को कुछ प्रमुख भाषाओं के साथ समूहबद्ध कर दिया गया है । जैसे– भोजपुरी, मगही, बुंदेलखंडी, छत्तीसगढ़ी, राजस्थानी और ऐसी ही दूसरी भाषाओं को 'हिंदी' के अंदर जोड़ लिया गया है । ऐसी समूहबद्धता के बाद भी जनगणना में 121 प्रमुख भाषाएँ पाई गईं । इनमें से 22 भाषाओं को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में रखा गया है और इसी कारण इन्हें 'अनुसूचित भाषाएँ' कहा जाता है । बाकी को 'गैर–अनुसूचित भाषा' कहते हैं । भाषा के हिसाब से भारत दुनिया का संभवत: सबसे ज़्यादा विविधता वाला देश है ।

(35.1) 2011 की भारत की जनगणना में कितनी भाषाओं को मातृभाषा के रूप में दर्ज किया गया ? **1**

(35.2) जनगणना रिपोर्ट में भाषाओं को कैसे समूह किया गया ? **1**

(35.3) भाषाओं का भारत की आठवीं अनुसूची में शामिल होना भाषाई विविधता में किस प्रकार योगदान देता है ? व्याख्या कीजिए । **2**

36. निम्नलिखित स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4**

## मुद्रण और प्रतिबंध

मुद्रित शब्द की ताक़त का अंदाज़ा अकसर सरकार द्वारा उसको नियंत्रित करने की कोशिशों से मिलता है । औपनिवेशिक प्रशासन हमेशा भारत में प्रकाशित हुई तमाम किताबों और पत्र–पत्रिकाओं पर नज़र रखता था और प्रेस को नियंत्रित करने के लिये बहुत से कानून पारित करता था ।



ZOLLEGE

35. Read the following extract and answer the questions that follow : **4**

**Linguistic diversity of India**

How many languages do we have in India ? The answer depends on how one counts it. The latest information that we have is from the Census of India held in 2011. This census recorded more than 1300 distinct languages which people mentioned as their mother tongues. These languages were grouped together under some major languages. For example, languages like Bhojpuri, Magadhi, Bundelkhandi, Chhattisgarhi, Rajasthani and many others were grouped together under 'Hindi'. Even after this grouping, the Census found 121 major languages. Of these, 22 languages are now included in the Eighth Schedule of the Indian Constitution and are therefore called 'Scheduled Languages'. Others are called 'Non-Scheduled Languages'. In terms of languages, India is perhaps the most diverse country in the world.

(35.1) How many languages were recorded as mother tongues in the 2011 Census of India ? **1**

(35.2) How were the languages grouped together in the Census report ? **1**

(35.3) How does the inclusion of languages in the Eighth Schedule of the Indian Constitution contribute to linguistic diversity ? Explain. **2**

36. Read the following source and answer the questions that follow : **4**

**Print and Censorship**

The power of the printed word is most often seen in the way governments seek to regulate and suppress print. The colonial government kept continuous track of all books and newspapers published in India and passed numerous laws to control the press.



ZOLLEGE

पहले विश्वयुद्ध के दौरान, भारतीय रक्षा नियम के तहत, 22 अख़बारों को ज़मानत देनी पड़ी थी। इनमें से 18 ने सरकारी आदेश मानने की जगह खुद को बंद कर देना उचित समझा। रॉलट के अधीन कार्यरत षड्यंत्र समिति ने 1919 में विभिन्न अख़बारों के ख़िलाफ जुर्माना आदि कार्रवाइयों को और सख़्त बना दिया। द्वितीय विश्वयुद्ध की शुरुआत पर, भारतीय रक्षा अधिनियम पारित किया गया, ताकि युद्ध-संबंधी विषयों को सेंसर किया जा सके। भारत छोड़ो आंदोलन से जुड़ी तमाम रपटें इसी के तहत सेंसर होती थीं। अगस्त 1942 में तक़रीबन 90 अख़बारों का दमन किया गया।

(36.1) औपनिवेशिक सरकार भारतीय समाचार-पत्रों पर नज़र रखने के लिए क्या तरीके अपनाती थी ? **1**

(36.2) औपनिवेशिक सरकारी कानून ने प्रेस को कैसे प्रभावित किया ? **1**

(36.3) समाचार-पत्रों पर 'षड्यंत्र समिति' के प्रभावों का विश्लेषण कीजिए। **2**

## खण्ड – च (2 + 3 = 5)

### (मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न)

37. (a) दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में दो स्थान A और B के रूप में दर्शाए गए हैं। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए : **2 × 1 = 2**

(i) वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने नमक कानून तोड़ा। **1**

(ii) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1920 में हुआ। **1**

(b) भारत के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइये और उनके नाम लिखिए : **3 × 1 = 3**

(i) सलाल – बाँध **1**

(ii) कलपक्कम – परमाणु ऊर्जा संयंत्र **1**

(iii) बेंगलूरू – सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क **1**

(iv) मोर्मुगाओ – प्रमुख समुद्री पत्तन **1**


ZOLLEGE

During the First World War, under the Defense of India Rules, 22 newspapers had to furnish securities. Of these, 18 shut down rather than comply with government orders. The Sedition Committee Report under Rowlatt in 1919 further strengthened controls that led to imposition of penalties on various newspapers. At the outbreak of the Second World War, the Defense of India Act was passed, allowing censoring of reports of war-related topics. All reports about the Quit India Movement came under its purview. In August 1942, about 90 newspapers were suppressed.

(36.1) What method did the colonial government employ to keep track of Indian newspapers ? **1**

(36.2) How did the colonial government's laws affect the press ? **1**

(36.3) Analyse the impact of 'Sedition Committee' on Newspapers. **2**

## SECTION – F (2 + 3 = 5)

### (Map Skill Based Questions)

37. (a) Two places A and B have been marked on the given political outline map of India. Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them : **2 × 1 = 2**

    (i) The place where Gandhiji broke Salt Law. **1**

    (ii) The place where the Indian National Congress Session was held in 1920. **1**

    (b) On the same political outline map of India, locate and label any **three** of the following with suitable symbols : **3 × 1 = 3**

    (i) Salal – Dam **1**

    (ii) Kalpakkam – Nuclear Power Plant **1**

    (iii) Bengaluru – Software Technology Park **1**

    (iv) Mormugao – Major Sea Port **1**



ZOLLEGE

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 के स्थान पर हैं ।** **5 × 1 = 5**

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(37.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गाँधीजी ने नमक कानून तोड़ा । **1**

(37.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1920 में हुआ । **1**

(37.3) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ टिहरी बाँध स्थित है । **1**

(37.4) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ कलपक्कम परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थित है । **1**

(37.5) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ मोर्मुगाओ समुद्री पत्तन स्थित है । **1**

(37.6) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ बेंगलूरू सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क अवस्थित है । **1**



ZOLLEGE

**Note :** **The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 37.** **5 × 1 = 5**

Attempt any **five** questions :

(37.1) Name the place where Gandhiji broke Salt Law. **1**

(37.2) Name the place where Indian National Congress Session was held in 1920. **1**

(37.3) Name the State where Tehri dam is located. **1**

(37.4) Name the State where Kalpakkam Nuclear Power Plant is located. **1**

(37.5) Name the State where Mormugao Sea Port is located. **1**


(37.6) Name the State where Bengaluru Software Technology Park is located. **1**



ZOLLEGE

प्रश्न सं. **37** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **37**




Cut Here ----- यहाँ से काटें ----- Cut Here ----- यहाँ से काटें



ZØLLEGE